Khurdha-Bolangir Rail Line in Orissa

144. SHRI JAGADISH JANI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have received the survey report in respect of the proposed Khurdha Road-Bolangir railway line in Orissa;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) wha action has been or is proposed to be taken for construction of the railway line?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Yes, Sir.

(b) The estimated cost of this 288 km long rail line is Rs. 209 crores. It is assessed to be financially unremunerative.

(c) There is no proposal to take up its construction for the present due to acute constraint of resources and a large number of on-going projects.

कलकत्ता पत्तन न्यास का वार्षिक बजट

145. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1987-88 के लिए कलकत्ता पत्तन न्यास का वार्षिक बजट क्या है, चालू वर्ष के दौरान अब तक कितनी धन राशि व्यय की जा चुकी है ;

(ख) क्या पत्तन न्यास ने इस संबंध में कोई मांग रखी है और यदि हां, तो सरकार ने उस पर क्या कार्यवाही की है; और

(ग) इस पत्तन के यातायात और आय का ब्यौरा क्या है तथा इसके विकास के लिए क्या योजनाएं हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट): (क) कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट जिसमें हल्दिया डाक कम्पलैक्स भी शामिल है, के 1987-88 के वार्षिक बजट निम्न प्रकार हैं :—

(करोड़ रुपये)

	आय	व्यय
राजस्व बजट	159.48	158.29
पूंजी बजट :		
योजनागत	—	42.86
गैर-योजनागत	—	3.50

भारत सरकार से 23.00 करोड़ रुपए का बजटीय समर्थन है। दिसम्बर, 1987 तक खर्च की गई राशि का ब्यौरा निम्नलिखित हैं :—

राजस्व व्यय	130.37	करोड़ रु०
योजनागत पूंजी व्यय	6.19	करोड़ रु०
गैर-योजनागत पूंजी व्यय	1.27	करोड़ रु०

(ख) कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट से 1987-88 के दौरान प्राप्त धन के लिए मांग का ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

अपेक्षित धन	प्रयोजन	की गई कार्रवाई
5.64 करोड़ रु०	बी एच आर टी डब्ल्यू के लिए अनुदान	रिलीज किए गए 3.00 करोड़ रु.
12.00 करोड़ रु०	अर्थोपाय ऋण	सरकार द्वारा स्वीकार्य नहीं क्योंकि ऐसा कोई बजट प्रावधान नहीं है।
22.00 करोड़ रु०	नदी/चैनल निकर्षण और अनुरक्षण के लिए सबसिडी	राशि रिलीज की गई है।
1.85 करोड़ रु०	योजनागत कार्यों के निष्पादन के लिए	जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में जांच की जा रही है।